गोपनीयता के बारे में क्या होगा?

सभी परिणामों को गोपनीय रखा जाएगा।

किसी महिला को यदि वायरस होता है, तो उसे ऐसी सेवा (केयर) प्रदान की जाएगी जो व्यावसायिक, आदरपूर्ण तथा गोपनीय है।

उसके परिणामों को उसके चिकित्सा रिकॉर्ड के साथ रखा जाएगा, जिन्हें केवल वे लोग ही देख सकेंगें जो उसकी देखरेख कर रहे हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए सुरक्षित तथा प्रभावशाली है, इसकी राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी की जाएगी। इसका अर्थ है कि प्रत्येक जाँच के आँकड़ों को निगरानी के लिए रखा जाएगा। इसके अन्तर्गत महिलाओं की पहचान नहीं की जा सकती।

एन्टीनेटल एचआईवी स्क्रीनिंग कार्यक्रम का निरीक्षण स्वास्थ्य मंत्रालय के नेशनल स्क्रीनिंग यूनिट द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है गर्भवती महिलाओं में एचआईवी की पहचान करके एचआईवी के साथ पैदा होने वाले शिशुओं की संख्या को कम करने में मदद करना।

इस कार्यक्रम के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए नेशनल स्क्रीनिंग यूनिट की वेबसाइट पर जाएं : **www.nsu.govt.nz**

प्रसव-पूर्व एचआईवी जाँच के बारे में अधिक जानकारी

- अपने डॉक्टर (जीपी), दाई या विशेषज्ञ से बात करें
- न्यूज़ीलैंड एड्स फाउन्डेशन (New Zealand AIDS Foundation) की वेबसाइट पर जाएंः **www.nzaf.org.nz**
- पोज़िटिव वूमेन इन्क (Positive Women Inc) वेबसाइट पर जाएंः **www.positivewomen.co.nz**

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

यह सहायक सामग्री **www.healthed.govt.nz** वेबसाइट या आपके स्थानीय डीएचबी पर अधिकृत प्रदाता से उपलब्ध है।

HE1930 Hindi JUNE 2008

गर्भावस्था में एचआईवी की जाँच करना

प्रसव-पूर्व (एन्टीनेटल) रक्त परीक्षणों का हिस्सा है

New Zealand Government

प्रसव-पूर्व परीक्षणों के हिस्से के रूप में एचआईवी (HIV) जाँच

एचआईवी (ह्यूमन ईम्यूनोडेफिशियन्सी वायरस) एक ऐसा वायरस है जो शरीर की इन्फेक्शन का सामना करने की योग्यता को प्रभावित करता है। इसकी पहचान के अभाव तथा उपचार न किए जाने की स्थिति में यह एड्स (अक्वायर्ड ईम्यूनोडेफिशियन्सी सिन्ड्रम) में बदल सकता है।

न्यूज़ीलैंड में एचआईवी से ग्रस्त लोगों की संख्या कम है। परन्तु यह संख्या बढ़ रही है और इसलिए सभी गर्भवती महिलाओं को उनकी एन्टीनेटल देखरेख के हिस्से के रूप में एचआईवी टैस्ट करवाने का प्रस्ताव पेश किया जा रहा है। कोई भी महिला जिसे एचआईवी है, वह उसे अपने शिशु सहित अन्य लोगों को गर्भावस्था के दौरान, जन्म के समय या स्तनपान के माध्यम से दे (हस्तांतरित कर) सकती है।

एचआईवी के लिए जाँच अन्य सामान्य प्रसव-पूर्व खून की जाँच (रक्त ग्रुप तथा रीसस फैक्टर, पूरा रक्त काउंट, हेपाटाइटिस बी, रूबेला तथा सिफलिस) के साथ ही की जाएगी। इन सब जाँचों के लिए खून के एक ही नमूने का प्रयोग किया जा सकता है। ये सभी जाँच अधिकतर महिलाओं के लिए मुफ्त होती हैं।

ज्ञाता सहमति (इन्फॉर्म्ड कन्सेन्ट)

आपके अन्य प्रसव-पूर्व जाँचों की तरह यह महत्त्वपूर्ण है कि जाँच करवाने के बारे में निर्णय लेने में सहायता के लिए आपको उपयुक्त जानकारी प्राप्त है।

आपको यदि कोई चिन्ता है या एचआईवी जाँच के बारे में आप अधिक जानकारी चाहते हैं, तो अपने डॉक्टर, दाई या विशेषज्ञ से बात करें। संभव है आप इस बारे में अपने जीवन-साथी (पार्टनर) या परिवार से बात करना चाहें।

आपको अधिकार है कि आप ये जाँच न करायें।

एचआईवी परीक्षण क्यों करवाने चाहिएँ?

एचआईवी वाली लगभग सभी गर्भवती महिलाओं को यह नहीं पता होता कि उन्हें संक्रमण है। इस बारे में पता लगाने का एकमात्र साधन है यह परीक्षण।

कोई भी महिला जिसे यह लगता है कि उसे एचआईवी है, वह उसके लिए शीघ्र ही उपचार तथा स्वयं, अपने जीवन-साथी और परिवार के लिए सहायता प्राप्त कर सकती है तथा उस वायरस को अपने बच्चे को देने के खतरे को कम करने में सहायता कर सकती है।

अधिकतर गर्भवती महिलाओं में एचआईवी नहीं पाया जायेगा।

यह परीक्षण कितना सही होता है?

यह टैस्ट बहुत ही सही होता है। परन्तु, थोड़ी संख्या की महिलाओं के लिए यह परिणाम अस्पष्ट हो सकता है तथा दूसरे खून-टैस्ट की जरूरत हो सकती है। अधिकतर केसों में दूसरे टैस्ट का परिणाम नकारात्मक (नेगेटिव) होगा।

मुझे अपने परिणाम कैसे प्राप्त होंगे?

जिस स्वास्थ्य कर्मी ने आपकी जाँच का प्रबन्ध किया था, वही आपको परिणाम देगा।

यदि किसी महिला का एचआईवी परीक्षण सकारात्मक (पोज़िटिव) होता है तो उस महिला को उसके, उसके शिशु, उसके जीवन-साथी, परिवार के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए व्यावसायिक सलाह, सहायता और समर्थन दिया जायेगा। एचआईवी वाली गर्भवती महिला को विशेषज्ञ के पास देखभाल तथा उपचार के लिए भेजा जाएगा।

यह उपचार कितना प्रभावशाली है?

शिशु को एचआईवी देने से बचाव करने का उपचार बहुत ही प्रभावशाली है। बिना उपचार के शिशु के एचआईवी सहित पैदा होने के अवसर लगभग 25 प्रतिशत हो सकते हैं। उपचार कराने से, शिशु के एचआईवी सहित पैदा होने के अवसर एक प्रतिशत से भी कम होते हैं।

उन महिलाओं के लिए शीघ्र उपचार तथा सहायता बहुत ही महत्त्वपूर्ण है जिन्हें एचआईवी है क्योंकि यह उनके स्वस्थ रहने में सहायक होता है।

इसका उपचार क्या है?

एचआईवी वाली गर्भवती महिलाओं को सामान्य तौर पर मिश्रित प्रकार के उपचार तथा हस्तक्षेपों (इन्टरवेन्शन्स) का प्रस्ताव पेश किया जाएगा जिनमें निम्नलिखित शामिल होंगेः

- महिलाओं को लम्बे समय तक स्वस्थ रहने तथा उनके द्वारा यह वायरस शिशु को दिए जाने से बचाव के लिए गर्भ तथा जन्म के दौरान दी गई दवाईयां
- सुरक्षित प्रजनन (डिलीवरी) के तरीकों के बारे में सलाह
- जन्म के कुछ सप्ताह बाद तक शिशु के लिए दवाईयाँ दी जाएंगी। वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय प्रमाणों से यह संकेत मिलता है कि जन्म से पहले तथा बाद में औषधि का उपचार शिशुओं को कोई हानि नहीं पहुँचाता।
- शिशु को खिलाने-पिलाने के सबसे सुरक्षित तरीकों के बारे में सलाह।